**2.(C)** शिक्षण का उद्देश्य छात्रों में तर्क, चिन्तन व बौद्ध क्षमता का विकास करना है जिससे वे शैक्षिक समस्याओं का समाधान कर अधिगम की ओर अग्रसर हो सके।

**3.(D)** विज्ञान शिक्षण की प्रक्रिया 'करके सिखने के' सिद्धान्त पर आधारित होनी चाहिए। इसलिए प्रयोगशाला पद्धति सर्वश्रेष्ट है। प्रश्नोत्तर द्वारा विज्ञान को नहीं समझा जा सकता है। आगमन व समस्या पद्धति, सिद्धान्त तक पहुंचने में सहायक है।

**4.(B)** आविष्कार में अनुसंधान निहीत नहीं होता है क्योकि अनुसंधान एक निर्धारित प्रक्रिया है। परन्तु अनुसंधान, आविष्कार मुखी होता है क्योंकि इसमे नये तथ्यो को खोजा जाता है।

**5.(C)** यदि शिक्षण प्रभावशाली है तो छात्र सक्रिय रहकर प्रश्न पूछते है। प्रश्नो की गुणवत्ता, शिक्षण की गुणवत्ता पर निर्भर करती है।

**6.(D)** विचार विमर्श विधी (disussion method) का उपयोग किसी भी प्रकार की विषय–वस्तु के लिए किया जा सकता है।

**7.(D)** अनुसंधान के उद्‌देश्य कथन या प्रश्न के रूप में लिये जा सकते है और यह कार्य शोध के प्रथम अध्याय में किया जाता है। प्रथम अध्याय में समस्या, उद्देश्य, परिकल्पनाऐ लिखे जाते है।

**8.(D)** वर्तमान वार्षिक परीक्षा प्रणाली में छात्र पुरे वर्ष निष्क्रिय रहते है केवल वर्ष के अन्त में जब परीक्षा का समय होता है तब अध्ययन कार्य करते है। वार्षिक परीक्षा प्रणाली के दोषों को सेमेस्टर प्रणाली से दूर किया जा सकता है।

**9.(D)** प्रयोगात्मक अनुसंधान में स्वतन्त्र चर व परतन्त्र चर को उपयोग में लाया जाता है। स्वतन्त्र चर के प्रभावों को परतन्त्र चर पर अध्ययन करते है। प्रयोगात्मक शोध में स्वतन्त्र चर या विचलन को ट्रीटमेन्ट

या मैनीपुलेटेड या प्रयोगात्मक विचलन कहेगें क्योंकि इसमें परिर्वतन करके उसके द्वारा परतन्त्र विचलन पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया जाता है।

**10.(C)** सामाजिक विज्ञान के अध्ययन के लिए कार्यशाला (Work shop) विधी सर्वश्रेष्ठ है।

**11.(C)** इस उद्धरण में वृद्ध व्यक्तियों, विकलांगों ओर बेरोजगारों की सामाजिक सुरक्षा के बारे में बताया गया है।

**12.(B)** अमरीका एक पूंजीवादी देश था ।

**13.(A)** रूजवेल्ट ने 1935 में एक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम पारित किया। इस अधिनियम के अन्तर्गत विकंलागों ओर बेरोजगारों को वित्तीय सहायता दी गयी।

**14.(B)** 1935 के अधिनियम में 65 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को वृद्धा पेन्शन दी गयी।

**15.(D)** इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य वृद्ध व्यक्तियों, विकलांगों ओर बेरोजगारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।

**16.(B)** सभी कथनो में अहंकारी होना या नहीं होना बताया गया है परन्तु, दूसरे कथन में विनम्र बताया है। यदि अधिकतर कवि विनम्र है तो कुछ कवि विनम्र होगे, ना की अंहकारी होगें।

**17.(C)**

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| M | E | A | D | O | W | | C | O | R | N | E | R | |
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | लिखते है तो | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | को लिखेगे। |
| B | F | N | V | N | C | | S | P | D | Q | D | M | |

**18.(C)** द्वितीय कथन में प्रसिद्धि का कारण केवल टॉप के अभिनेता होना नहीं मान सकते है तृतीय कथन में लता राजू की दूसरी बहन हो सकती है परन्तु राजू, लता का कौनसे नम्बर का भाई है यह कहना मुशकिल है। चतुर्थ कथन में जब A, B के बराबर नहीं है तो C के कैसे बराबर होगा।

**19.(A)** BBC वर्ल्ड, एक न्यूज चैनल है। जिसमे Knowing is very thing, विज्ञान पंक्ति बोली जाती है।

**20.(D)** इस प्रकार के प्रश्नों के लिए एक सूत्र होता है–

| E | J | O | T | Y |
|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 5 | 10 | 15 | 20 | 25 |
| + | + | + | + | + |
| 4 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| 9 | 14 | 19 | 24 | 29 |

यदि A को 5 माना हो अतः 4 अंक बड़ा दिया है तो सूत्र हो जायेगा–

22 वाँ होगा R, 25 वाँ U, 8 वाँ D, 22 वाँ R, 5 वाँ A होगा।

**21.(C)** उपरोक्त सभी सीरियलों में हम लोग सीरियल सबसें पुराना है।

**22.(D)** $\frac{2}{3},\frac{4}{7},\frac{7}{13},\frac{11}{21},\frac{16}{31}$ इसमे अंश का अंतराल 2, 3,4,5 है जबकि हर का अंतराल 4, 6, 8, 10 है।

**23.(B)** इन सभी विशिष्ट महिलाओं के कार्यक्षेत्र विशेष 2, 1, 4, 3 के क्रम मे है।

**24.(A)** यह आवश्यक नहीं है जो शत्रु राम के लिए इकलौता शत्रु है उसके लिए राम भी इकलौता शत्रु हो।

**25.(C)** माना की तीनों प्रकार के x संख्या है तो–

1 रू. के लिए = x
50 पैसे के लिए = $\frac{x}{2}$
25 पैसे के लिए = $\frac{x}{4}$

$$x+\frac{x}{2}+\frac{x}{4}=35 \text{ रू. } 7x = 140$$

$$x = 20$$

**26.(C)** हंगामा चैनल एक भारतीय कार्टून चैनल है जिसमे बाल कलाकारो के कार्यक्रम भी प्रसारित होते है।

**27.(B)** 1, 3 और 4 कथन सदैव सत्य है।

**28.(D)** सेरोगेट मदर किसी भी रिश्तेदार के बच्चे को जन्म दे सकती है। कारें डीजल से भी चलती है।

**29.(B)** B —4— G —4— L —4— Q सभी मे 4 शब्दों को Skip किया है और F —4— K —4— P —4— U में भी 4 Words skip किये है।

**30.(D)** वीर संघवी का इण्डिया टुडे से कोई सम्बन्ध नही है।

**31.(D)** राज्य B के लिए सन् 2003 से 2004 मे वृद्धि में (30– 20 = 10) अधिकतम है।

**32.(C)** राज्य B की औसत जनसंख्या = $\frac{15+25+30+30+40+45}{6} = 30.8$

**33.(B)** राज्य B की जनसंख्या में सन् 2007 में वृद्धि हुई $\frac{40-30}{30} \times 100 = \frac{10}{30} \times 100 = 33.33\%$

**34.(D)** अनालॉग के लिए अनालॉग कम्पयूटर होता है और डिजिटल प्रोसेसिंग के लिए डिजिटल कम्प्यूटर होता है।

**35.(C)** वायरस एक घातक सॉफ्टवेयर है जो कम्प्यूटर प्रोग्राम को अवरूद्ध करता है।

**36.(B)** भारत के निर्वाचन आयोग को राष्ट्रीय अथवा क्षेत्रीय दल के रूप में मान्यता दी गई है।

**37.(C)** बेसिक शिक्षा को वर्धा शिक्षा योजना भी कहते है जिसे गांधी जी ने बतायी थी।

**38.(D)** उपरोक्त सभी कारणों से मरूस्थलीकरण की प्रक्रिया होती है।

**39.(C)** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (University grant Commission) की स्थापना सन् 1953 में हुई।

**40.(C)** सड़कों के निर्माण के लिए वनभूमि का विनाश किया गया है।

**41.(C)** आई. सी.टी. का सम्बन्ध शैक्षिक तकनीकी से है जिसे Information and Communication technology कहते है।

**42.(D)** MS-word, MS-Excel, Power point, फोटोशॉप यह सभी सामान्य उद्देश्य के साफ्टवेयर है।

**43.(A)** कक्षा A के संयुक्त अंक है – 20 × 10 = 200

कक्षा B के संयुक्त अंक है – 80 × 20 = 1600

कक्षा A व B के दोनों का संयुक्त औसत होगा = कुल अंक $\frac{200+1600}{20+80} = \frac{1800}{100} = 18$

**44.(C)** वित्त आयोग, राजभाषा आयोग व निर्वाचन आयोग मान्य व संवेधानिक है जबकी योजना आयोग एक संवैधानिक निकाय नहीं है।

**45.(D)** कम्प्यूटर का उपयोग शैक्षिक तकनीकी मे करते है जिसमें मनोवैज्ञानिक परीक्षण, अनुदेशन क्रिया, निर्देशन प्रक्रिया, निदात्मक प्रक्रिया सम्भव हो।

**46.(D)** मकर रेखा पर सूर्य रेखाएँ सीधी पड़ती है जिससे ग्लोबल वार्मिंग की सम्भावनाएँ अधिक होती है।

**47.(B)** लोगों की बढ़ती आकाक्षाएं, निजीकरण व आर्थिक नियोजन हेतु सरकार की भूमिका या उत्तरदायित्व बढ़ा है।

**48.(A)** रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा प्रतिवर्ष, मुद्रा व वित्त पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाता है।

**49.(C)** बी. आर. मेंहता कमेटी ने सन् 1957 में 'लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण' की विचारधारा का प्रसार किया। जिसमें सता का कार्य भार लोकतान्त्रिक रूप से विभिन्न दलों को सोपने को कहा गया।

**50.(D)** मनुष्य पर्यावरण का ही एक हिस्सा है या उसकी उपज है यह एक व्यापक स्वीकार्य कथन है।

## PAPER II

**1.(D)** प्रस्तुत मत गिन्सबर्ग का है। समाजशास्त्र संपूर्ण समाज का एक समग्र ईकाई के रूप में अध्ययन करने वाला विज्ञान है। इसमे सामाजिक संबंधों का व्यवस्थित अध्ययन किया जाता है। सामाजिक संबंधो को ठीक से समझने की दृष्टि से सामाजिक क्रिया, सामाजिक अंतःक्रिया एवं सामाजिक मूल्यों के अध्ययन पर इस शास्त्र में विशेष जोर दिया जाता है।

**2.(B)** समाजशास्त्र के जन्मदाता– अगस्त कॉम्ट

स्टडीज इन एथनोमैथेडोकॉजी – गारफिंकल

विज्ञान का संबंध पद्धति से है, न कि विषय सामग्री से – स्टुअर्ट चेज

'एन्थ्रोपोलोजिस्ट' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किया –अरस्तू

**3.(C)** निम्न में से सामान्य जीवन समुदाय की विशेषता है तथा निश्चित उद्देश्य, ऐच्छिक सदस्यता, अस्थायी स्वभाव समिति की विशेषताएँ है। समुदाय की अन्य विशेषताए है– व्यक्तियों का समूह, निश्चित

भौगोलिक क्षेत्र, समुदायिक भावना, स्वतः विकास, स्थानीयपन, विशिष्ट नाम, मूर्तता, व्यापक उद्देश्य, सामान्य जीवन, सामान्य नियम व्यवस्था, आत्मनिर्भरता तथा अनिवार्य सदस्यता।

**4.(C)** परिवार एक सार्वभौमिक संस्थान है। जो प्रत्येक समाज में चाहे वह आदिम हो या आधुनिक पाई जाती है। परिवार मानव समाज की आधारशिला है यह समाज की विद्यमानता और निरंतरता के लिए अनिवार्य है।

**5.(A)** पारसन्स ने अपनी पुस्तक 'The Social system' में संस्कृति को ऐसे पर्यावरण के रूप में परिभाषित किया है जो मानव क्रियाओं के निर्माण में मौलिक है इसका तात्पर्य है कि संस्कृति मानव के व्यक्तित्व एवं क्रियाओं का निर्धारण करती है।

**6.(C)** किंग्सले डेविस ने कानून को दो भागों में बांटा है। (i) प्रथागत कानून (ii) वैधानिक कानून प्रथागत कानून आदिम जातियों एवं कृषक समाज में देखने को मिलते हैं। इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण अफ्रीका की 'बुशमैन' तथा 'होटेण्टोट' जनजातियां है। 'होटेण्टोट' जनजाति में वयोवृद्ध लोगों की एक परिषद होती है जो झगड़ों का निपटारा करती है तथा अपराधियों को दण्ड देती है। प्रथाएं ही इस प्रकार के कानून का उदाहरण है।

**7.(B)** परिपाटी एवं शिष्टाचार किसी भी कार्य को करने का एक परम्परागत तरीका है। परिपाटी का पालन इसलिए किया जाता है कि समाज ने इसे स्वीकार कर लिया है तथा ऐसा पहले से होता आया है। संड़क के बायीं ओर चलना एक परिपाटी है।

**8.(B)** मैलिनोवस्की एक ब्रिटिश मानवशास्त्री थे। उन्होंने अपने आपकों प्रकार्यवाही घोषित किया। प्रकार्यवाद के बारे में उन्होंने अपने विचार अपनी पुस्तक 'ए साइण्टिफिक थ्योरी ऑफ कल्चर' 1944 तथा उनके लेख 'एन्थ्रोपोलोजी' 1936 में देखे जा सकते है।

**9.(A)** ''रैडक्लिफ ब्राउन के अनुसार सामाजिक संरचना संस्था द्वारा परिभाषित और नियमित संबंधों में लगे हुए व्यक्तियों की एक क्रमबद्धता है।''

**10.(B)** अकार्य वे अवलोकित परिणाम है जो व्यवस्था के अनुकूलन या सामंजस्य को कम करते है। जब संरचना में कुछ ईकाइयां ऐसी भी जो संरचना को हानि पहुंचाती है तथा उनके अनुकूलन में बाधा पहुंचाती है तो यह ईकाइयों का अकार्य कहलाएगा।

**11.(A)** प्रतीकात्मक अंतः क्रियावाद को सांकेतिक अंतः क्रियावाद के नाम से भी जाना जाता है। प्रतीकात्मक अतः क्रियावाद समाजशास्त्र का एक सैद्धांतिक दृष्टिकोण है जो सामाजिक अंतःक्रियाओं के अध्ययन पर बल देता है। इसे सांकेतिक अन्तंःक्रियाओं या अन्तःक्रियावाद के नाम से जाना जाता है।

**12.(C)** परीक्षा विवाह के अंतर्गत पुरूष के साहस शौर्य की परीक्षा ली जाती है। गुजरात के भीलों में शौर्य की परीक्षा हेतु होली के अवसर पर गोल–गाधेडों नामक एक उत्सव मनाया जाता है। परीक्षा मे सफल होने पर लड़का अपनी मनपंसद लड़की से विवाह कर सकता है।

**13.(D)** सामाजिक संरचनाओं की अवधारणा के अन्तर्गत उन नियमों और नीतियों पर विशेष ध्यान रखा गया जिससे समाज का ढांचागत विकास अनवरत होता रहे तथा उसमें अवरोध न पैदा हो। संस्था के सर्वमान्य नियमों के दायरे में लोग अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करते है।

**14.(B)** सोरेकिन ने गतिशीलता की दिशा के आधार पर उदग्र या रैखिक, सामाजिक, गतिशीलता को भी दो उपभागों में बाटां है– (i) ऊर्ध्वगामी (ii) अधोगामी

ऊर्ध्वगामी गतिशीलता के निम्न कारक है– आप्रवास, उच्च वर्ग में कम प्रजनन क्षमता, संघर्ष का महत्व, अवसर की उपलब्धि, समानता और विषमता के प्रतिमान।

**15.(A)** दायभाग संयुक्त परिवार बंगाल और असम के हिन्दू परिवारों की अपनी विशेषता है। खासतौर पर ये परिवार बंगाल में ही अधिक मिलते है। इस परिवार में संपत्ति पर अधिकार जन्म से नहीं वरन् पिता कि मृत्यु के बाद ही प्राप्त होता है।

**16.(C)** जब किसी विषय या संबंधित सभी व्यक्तियों अर्थात् समस्त जनसंख्या से संपर्क करके सूचना प्राप्त की जाती है तो उसे जनगणनात्मक सर्वेक्षण कहा जाता है।

**17.(B)** जब अवलोकनकर्ता किसी समूह के जीवन में भाग लिए बिना किसी समूह की क्रियाओं से अलग रहकर एक वैज्ञानिक की भांति अवलोकन करता है। तो उसे असहभागी अवलोकन कहते है।

**18.(B)** सही सुमिलन इस प्रकार है–

भूयिष्ठक– $Z = L + \dfrac{f_2}{f_0 - f_2} \times i$

माध्यिका– $\dfrac{M+1}{2}$

समान्तर माध्य – $\bar{X} = \frac{\Sigma X}{N}$

तथ्य के प्रकार – गुणात्मक एंव संख्यात्मक तथ्य

**19.(B)** माध्य के साथ–साथ आवृत्ति वितरण के आकार का ज्ञान भी सच्चे परिणाम पर पहुंचने के लिए आवश्यक है। अर्थात् अपकिरण से तात्पर्य पदमाला के माध्य से लिए गए विचलनों का माध्य है।

**20.(A)** थार्सटीन बेब्लिन ने सामाजिक परिवर्तन का 'प्रौद्योगिक निर्धारणवाद' का सिद्धांत दिया। वेब्लिन ने कहा मानव ,आदतों द्वारा नियंत्रित होता है तथा आदतें पर्यावरण अर्थात प्रौद्योगिक पर्यावरण पर निर्भर है।

**21.(B)** सही सुमिलन इस प्रकार है–

(1) कॉम्ट – कॉम्ट ने सामाजिक परिवर्तन को मानव के बौद्धिक विकास के साथ जोड़ा है।

(2) मार्क्स – मार्क्स नें सामाजिक परिर्वतन का आर्थिक निर्धारणवादी सिद्धांत दिया।

(3) वेब्लिन – इन्होंने सामाजिक परिवर्तन का ''प्रौद्योगिकी निर्धारवाद'' सिद्धांत दिया।

(4) वेबर – वेबर ने धर्म परिवर्तन को सामाजिक परिवर्तन का आधार माना।

**22.(B)** सही सुमिलन इस प्रकार है–

(1) माइण्ड एण्ड सोसाइटी – पैरोटो

(2) सोशियल एण्ड कल्चरल – सोरोकिन

(3) सामाजिक परिर्वतन का चुनौती – टॉयनबी एवं प्रत्युत्तर का सिद्धांत

(4) सामाजिक उद्‌विकास – स्पेन्सर सिद्धांत

**23.(C)** प्रस्तुत उदाहरण वास्तविक संघर्ष का है। जब किसी समाज में उसके सदस्यों की अपेक्षाओं और मूल आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं होती है तो उनमें निराशा और संघर्ष के भाव उत्पन्न होते है वास्तविक संघर्ष विशिष्ट लक्ष्य की प्राप्ति में एक साधन होता है।

**24.(D)** फ्रेजर ने अपनी पुस्तक 'द गोल्डन बो' में धर्म की उत्पत्ति जादू के असफल होने में ढूढी है। प्रारम्भ में जादू का प्रचलन था जब वह इसमें सफल नहीं हुआ तो उसने सोचा अलौकिक शक्ति जादू को असफल कर रही है ? जिसकी वह पूजा करने लगा। इससे ही धर्म की उत्पत्ति हुई।

**25.(C)** सांस्कृतिक विलम्बना सिद्धांत धर्म की उत्पत्ति से संबंधित नहीं है। सामाजिक परिवर्तन के इस सिद्धांत का प्रतिपादन 1992 में समाजशास्त्री ऑगर्बन ने अपनी पुस्तक 'Social change' में किया

**26.(D)** मर्टन के अनुसार प्राचार्य की भूमिका प्राध्यापकों, क्लार्कों, छात्र, अभिभावक आदि के साथ जो है वह सब मिलकर भूमिका पुंज कहलाएगी। एक व्यक्ति अपनी प्रस्थिति से संबंधित विभिन्न प्रस्थितियों को धारणा करने वाले व्यक्तियों के साथ अलग–अलग प्रकार की भूमिका निभाता है उसकी संपूर्णता को भूमिका पुंज कहते है।

**27.(B)** भूमिका ग्रहण की अवधारणा किम्बाल यंग ने दी है। विशिष्ट भूमिकाओं को सीखना भूमिका ग्रहण है। जैसे सेना में भर्ती होने पर सैनिक की भूमिका सीखना।

**28.(B)** मुख्य प्रस्थिति की अवधारणा ई.टी. हिलर ने दी थी। व्यक्ति एक साथ अनेक प्रस्थितियां धारण करता है। किन्तु वह समाज में किसी एक प्रस्थिति द्वारा ही जाना जाता है। हिलर उसे मुख्य प्रस्थिति कहते है।

**29.(B)** ब्लूयर ने सामाजिक जीवन के अध्ययन हेतु सहानुभूतिपूर्वक आत्मावलोकरन पर बल दिया है इसका अर्थ है कि समाजशास्त्री जिन व्यक्तियों का अध्ययन करना चाहते है वे अपने आपकों उन व्यक्तियों की स्थिति में रखकर अध्ययन करें तभी वे उन व्यक्तियों की स्थितियों को समझ सकेगें।

**30.(A)** सरल दैव निदर्शन विधि के अनुसार निदर्शन निकालने की निम्न प्रवधियाँ है– लाटरी विधि, टिकिट प्रणाली, टिपेट विधि, ग्रिड प्रणाली।

→ ग्रिड प्रणाली का उपयोग भौगोलिक क्षेत्र के चुनाव के लिए किया जाता है।

**31.(B)** केन्द्रिय साक्षात्कार का सर्वप्रथम प्रयोग अमेरिकन समाजशास्त्री मर्टन ने 1946 में सार्वजनिक संदेशवाहन के साधनों जैसे–रेडियों, टी.वी., फिल्म आदि के सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक प्रभावों को जानने के लिए किया था।

**32.(C)** प्रश्नावली की विश्वसनीयता एवं प्रामाणिकता को ज्ञात करने के लिए अग्र उपाय किए जा सकते है–पुनः प्रश्नावली भेजना, सामाय वर्ग का अध्ययन, उपनिदर्शन का प्रयोग, अन्य अनुसंधान विधियों का प्रयोग, सामान्य अनुभव। एक ही प्रश्नावली दुबारा न भेजी जाए ये कथन गलत है।

**33.(D)** सहसंबंध का प्रयोग उन क्षेत्रों में किया जाता है। जहाँ दो या अधिक चरों के मध्य कारण परिणाम संबंध पाया जाता है। मूल्य तथा मांग, उत्पादन में तथा रोजगार, मजदूरी तथा मूल्य सूचकांक ऐसे तथ्यों में निकट संबंध पाया जाता है।

**34.(C)** अपवर्जी शृंखला वे शृंखलाएं होती है जिनमें एक वर्ग की ऊपरी सीमा की संख्याएं उसी वर्ग का भाग नहीं होती है वरन् उससे अगले वर्ग का भाग होती है।

**35.(A)** अंग्रेजी भाषा का statistics शब्द लेटिन भाषा के Status तथा इटैलियन भाषा के Statista और जर्मन भाषा के 'Statislik' शब्दों से बना है। इन सभी शब्दों का अर्थ राज्य है। इस प्रकार प्राचीन काल में सांख्यिकी को 'राजाओं के विज्ञान' अथवा 'राज्य शिल्प विज्ञान' के रूप में जाना जाता था।

**36.(D)** वर्णनात्मक अनुसंधान प्रारूप का उद्देश्य विषय या समस्या के संबंध में यथार्थ या वास्तविक तथ्यों को एकत्रित कर उनके आधार पर एक विवरण प्रस्तुत करना है। शोध में निम्न बातों का ध्यान देना आवश्यक होता है।

(1) शोध विषय या समस्या का चुनाव सावधानीपूर्व किया जाना चाहिए।

(2) तथ्यों के संकलन के लिए प्रविधियें का चुनाव पूर्ण सावधानी के साथ किया जाए।

(3) वर्णनात्मक शोध में वस्तुनिष्ठ दृष्टिकोण बनाए रखने की अत्यंत आवश्यकता है।

अतः उत्तर (D) उपर्युक्त सभी है।

**37.(C)** प्रो. टिपेट ने टिपेट विधि में चार अंको वाली 10, 400 संख्याओं की एक सूची बनाई और इन संख्याओं को बिना किसी क्रम में कई पृष्ठों पर लिख दिया।

**38.(A)** बोगार्डस के अनुसार, अनुसूची उन तथ्यों को प्राप्त करने की एक औपचारिक विधि है जो स्थूल रूप में होते है तथा जिन्हें सरलता से देखा जा सकता इस प्रकार अनुसूची अध्ययनकर्ता द्वारा स्वयं ही भरी जाती है।

**39.(A)** असंरचित साक्षात्कार में प्रश्नों की कोई पूर्व निर्धारित सूची नहीं होती है वरन् विषय से संबंधित प्रश्नों का तत्काल ही निर्माण किया जाता है।

**40.(A)** अभिकथन (A) सही तथा तर्क (R) गलत है क्योंकि मीड ने समाजीकरण संबंधी अपने विचार अपनी पुस्तक 'Mind self and society' में व्यक्त किए है उनके सिद्धांत को मै और मुझे का सिद्धांत के नाम से जाना जाता है। जबकि आत्मदर्पण दर्शन का उल्लेख कूले ने किया है।

**41.(D)** समाज के संपर्क में आने पर ही वह संस्कृति और सामाजिक व्यवहारों को सीखता है। सीखने की इस प्रक्रिया को ही समाजीकरण कहते है। स्व के विकास की प्रक्रिया, सीखने की प्रक्रिया तथा संस्कृति

को आत्मसात करने की प्रक्रिया समाजीकरण है। पर संस्कृतिग्रहण समाजीकरण के अन्तर्गत नहीं आती।

**42.(C)** गिन्सबर्ग के अनुसार ''सामाजिक संरचना का अध्ययन सामाजिक संगठन के प्रमुख स्वरूपों अर्थात्, समितियों तथा संस्थाओं के प्रकार एवं इन सबके संकुल जिनसे कि समाज का निर्माण होता है से संबंधित है।''

**43.(D)** किंग्सले डेविस के अनुसार सामाजिक क्रिया को चार तत्व है–

(1) कर्ता – कर्ता आवश्यक होता है उसके अभाव में कोई सामाजिक क्रिया नहीं होती।

(2) लक्ष्य – क्रिया लक्ष्य के चारों ओर चलती है।

(3) परिस्थितियां – प्रत्येक क्रिया किसी परिस्थिति में ही की जाती है।

(4) साधन – लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए साधनों का प्रयोग आवश्यक है।

अतः क्रिया सामाजिक क्रिया के तत्वों से नहीं है।

**44.(A)** वेबर के अनुसार ''सामाजिक क्रिया दूसरों के भूतकालीन, वर्तमान या भविष्य के प्रत्याशित व्यवहार से प्रभावित होती है। प्रत्येक प्रकार की क्रिया सामाजिक क्रिया नहीं होती इनके अनुसार का प्रत्येक प्रकार का संपर्क भी सामाजिक क्रिया नहीं है।''

**45.(A)** (A) और (R) दोनो सही है तथा (R), (A) की सही व्याख्या है। एडम स्मिथ और माल्थस ने आर्थिक जीवन में पाए जाने वाले संघर्ष का उल्लेख किया और कहा जब किसी देश में जनसंख्या आवश्यकता से अधिक बढ़ जाती है तो अस्तित्व के लिए जीवन संघर्ष बढ़ जाता है तथा संघर्ष और युद्ध सामान्य प्रक्रियाएं बन जाते है।

**46.(D)** कई वार प्रश्नावलियां उत्तरदाता द्वारा भरकर नहीं लौटाई जाती है तब लगभग 15 दिन बाद एक और पत्र लिखकर उत्तरदाताओं को प्रश्नावली भेजने के याद दिलाई जाती है और उनसे प्रार्थना की जाती है। इसी पत्र को अनुगामी पत्र कहते है।

**47.(A)** किसी व्यक्तिगत श्रेणी का मध्यका तथा समान्तर माध्य ज्ञात करके किसी भी बहुलक का निर्धारण किया जाता है। इसके लिए सूत्र है :

$$Z = 3M - 2\overline{X}$$

यहां $Z$ = बहुलक

$M$ = माध्यका

$\overline{X}$ – समान्तर माध्य

**48.(B)** अपकिरण सापेक्ष और निरपेक्ष दोनों रूपों में ज्ञात की जा सकती है। लेकिन तुलनात्मक अध्ययन के लिए अपकिरण के सापेक्ष माप का ही प्रयोग होता है। विभिन्न ईकाइयों के होने पर मापों को तुलना योग्य बनाने के लिए इनकों सापेक्ष रूप में परिवर्तित करते है। यह समंकमाला की ईकाई में व्यक्त नहीं किया जाता वरन् एक अनुपात या प्रतिशत के रूप में होता है। ऐसा करने के लिए अपकिरण के निरपेक्ष माप में उस माध्य का भाग देते है जिसकी सहायता से माला के प्रत्येक मूल्य का विचलन निकाला गया है। ऐसा करने की उसकी ईकाइयाँ समाप्त हो जाती है और वह तुलना योग्य बन जाते है। इसे अपकिरण गुणांक भी कहते है।

**49.(B)** उदग्र या रेखिक सामाजिक गतिशीलता–जब किसी व्यक्ति सा समूह द्वारा एक सामाजिक स्तर से दूसरे सामाजिक स्तर में गमन होता है तो उसे उदग्र या रैखिक सामाजिक गतिशीलता कहते है। निम्न में से अध्यापक का एक स्कूल से दूसरे स्कूल में स्थानान्तरण हो जाना, रैखिक गतिशीलता का उदाहरण नहीं है।

**50.(B)** पैरेटो ने अपनी पुस्तक 'माइण्ड एण्ड सोसायटी' में सामाजिक परिवर्तन के अभिजात्य वर्ग के परिभ्रमण का सिद्धांत दिया। उसने कहा समाज में दो वर्ग होते है उच्च या अभिजात्य वर्ग तथा निम्न वर्ग। यह दोनों चक्रिय क्रम में परिवर्तित होते रहते है। समाज में उच्च लोग जब धराशायी हो जाते है तो उनका स्थान निम्न वर्ग के श्रेष्ठ लोग ले लेते है। इस प्रकार अभिजात्यों के परिभ्रमण के साथ–साथ समाज में भी परिवर्तन आता है।

## PAPER III

**1.(D)** घटना विज्ञान के प्रमुख सिद्धान्तकारो में अल्फ्रेड शूट्ज , पीटर वर्जर और लकमैन है। इस उपागम के प्रणेता जॉर्ज सान्त्याना माने जाते है। कोजर घटना विज्ञान के प्रमुख सिद्धान्तकारों मे से नहीं है।

**2.(A)** एडमंड हरसेल पहले विचारक थे जिन्होंने फिनोमिनोलॉजी पद को काम मे लिया, परिभाषित किया अैर एक विद्या के रूप में विकसित किया उनके अनुसार फिनोमिनोलॉजी की रूचि उन वस्तुओ को जानने में है जिनका बोध व्यक्तियों को अपनी इन्द्रियों द्वारा होता है।

**3.(C)** निम्नलिखित सूचियां इस प्रकार से सुमेलित है

| | |
|---|---|
| a. प्रकायत्मिक आदेशक | 1. टालकाट पारसन्स |
| b. प्रकायत्मिक परिणामों के संतुलन | 2. आर के मर्टन |
| c. सार्वभौमिक प्रकार्यवाद | 3. बानिस्ला मैलिनोवस्की |
| d. प्रत्यक्षवादी सावयवीवाद | 4. आगस्त कॉम्ट |

**4.(A)** नवप्रकार्यवादी समाजशास्त्र के प्रमुख प्रणेता जे. अलेक्जेंडर है। अलेक्जंडर ने नव–प्रकार्यवाद और मार्क्सवाद में तीन समानताएं बताई है। अलेक्जेंडर कहते हैं कि नव प्रकार्यवाद कोई विकसित सिद्धान्त नहीं है यह तो केवल एक प्रवृति या झुकाव है।

**5.(D)** प्रकार्यवाद के पुनराविस्कार पर हालबोर फास्ले ने नव प्रकार्यवाद के लक्षण को निम्न परिभाषा मे रखा है– नव प्रकार्यवाद प्रकार्यवादी परम्परा में रखा है– नव प्रकार्यवाद प्रकार्यवादी परम्परा का एक नया समाजशास्त्रीय पुनर्निमाण है इसकी प्रवृति विवरणात्मक है या आन्दोलनात्मक है। इसका सैद्धान्तिक दर्जा नहीं है।

**6.(A)** समाजशास्त्र में नव प्रकार्यवादी प्रणेता अलेक्जेडर की मुख्य कृतियों का सही अनुक्रम इस प्रकार से है–

1. थियोरिटिकल लोजिक इन सोश्योलोजी – पखण्ड 1982 – 83
2. नियोफंक्शनलिज्म – 1985
3. फिक्स डे सिले – 1995
4. नियो फंक्शनलिज्म एण्ड बियोन्ड – 1998

**7.(D)** सूची 1 और सूची 2 इस प्रकार से सुमेलित है–

1. ओरिजिन ऑफ फैमिली – मोर्गन
2. मैरिज एण्ड फैमिली इन इण्डिया – कपाड़िया
3. अफ्रीकन सिस्टम ऑफ किनशिप एण्ड मैरिज–ब्राउन

4. द फैमिली – हैरिस

**8.(C)** पाल मिशेल फूको का जन्म फ्रांस के पोइटर्स नामक स्थान पर अक्टूबर 1926 में हुआ था और देहान्त जून 15, 1984 को पेरिस में हुआ था। फूको ने **डिसिप्लीन और वनिश** पुस्तक का प्रारम्भ ई. 1757 से किया।

**9.(B)** निम्नलिखित विचारको का सही जन्म कालानुक्रमिक क्रम इस प्रकार से है–

1. लुई अल्थ्यूजर – 1918 ई.
2. पाल मिशेल फूडो – इनका जन्म फ्रांस के पोइटर्स नामक स्थान पर अक्टूबर 1926 में हुआ
3. जॉक देरिदा – इनका जन्म 1930 मे अज्जीरिया में हुआ।
4. एन्थेनी गिडेन्स – यह एक समाजशास्त्री है इनका जन्म 1938 ई. में हुआ।

**10.(D)** पागलपन और सभ्यता फूको की एक शास्त्रीय रचना है। फूको एक ऐसी प्रक्रिया का उल्लेख करते है जो व्यक्ति को विभाजित कर देती है। एक तरफ तो व्यक्ति है और दूसरी तरफ अधीनस्त मातहत है। दलित है। मनुष्य का यह विभाजन या तो उसे भीतर से तोड़ देता हैं। या उसे सीजोफ्रेनिया और सोजाडायनैमिक्स से ग्रसित बताकर समाज से दूर कर देता है या उसे वह एक सामाजिक प्राणी बना देता है इस क्रम में व्यक्ति या तो विक्षिप्त पागल या उन्मुक्त होता है या उसे कोई सामाजिक पहचान , ओहदा या पद मिल जाता है।

**11.(D)** गिडेन्स समाजशास्त्र को एक प्राकृतिक विज्ञान स्वीकार नही करते । सामाजिक प्रक्रियाओं के लिए उनके अनुसार कोई अमृत नियम नहीं बनाए जा सकते। ब्लूमर के संबंध में गिडेन्स ने उक्त कथन कहा है।

**12.(C)** उत्तर संरचनावाद का भाषा पर भाषा का बहुत बड़ा प्रभाव होता है। भाषा के क्षेत्र में फर्डिनेण्ड सोसोरे एक अधिकृति विचारक है। सभी उत्तर संरचनावादियों पर सोसोरे का प्रभाव व्याप्ति रूप में देखने को मिलता है देरिदा भी सोसोरे से प्रभावित है।

**13.(A)** जन–जातीय लोगो ने अंग्रेजों के बढ़ते हुए नियंत्रण और औपनिवेशिक प्रशासन के दखल का विरोध किया। इस संदर्भ में हुए विद्रोह का सही कालक्रम इस प्रकार से है–

1. 1820–1837 तक के कोल विद्रोह
2. 1855–56 तक के संथाल विद्रोह

3. 1879 के रम्पा विद्रोह

4. 1895 – 1901 के मुंडा विद्रोह

**14.(A)** 'इंडिया' नामक पुस्तक 'जॉन स्ट्रेची' की है इसमे इन्होने भारत के बारे में जानने लायक सबसे जरूरी बात यह बताई है कि 'भारत नाम का ऐसा कोई देश न तो कभी था और न आज है जिसमें यूरोपीय मानदंडी' के अनुसार , भौतिक , राजनीतिक, सामाजिक या धार्मिक , किसी भी तरह की एकता हो।'

**15.(B)** भारत के क्षेत्रीय स्वरूप की इस ब्रिटिश कल्पना के विरोध में विरोध भारतीय यह साबित करने की कोशिश की है कि भारत नाम का ऐसा देश हमेशा या और है, जहां भौतिक, राजनीतिक सामाजिक और सांस्कृतिक एकता के अनेक सबूत है। इस विवादास्पद स्थिति को सुलझाने के प्रयत्न में विंसैंट स्मिथ ने अपनी पुस्तक आटसफोर्ड हिस्टरी आफ इंडिया में इन परस्पर विरोधी विचारों में तालमेल बैठाने की कोशिश करते हुए कहा है कि भारत की विविधता मे एकता है।''

**16.(C)** ब्रिटेन द्वारा लागू की गई दो प्रमुख भू–राजस्व और काश्तकारी प्रणालीयां थी– जमीदारी प्रथा और रैयतवारी प्रथा । इस परिवर्तन का उद्देश्य उत्पादकता बढ़ाकर भारत की कृषि अर्थव्यवस्था बढ़ाकर भारत की कृषि अर्थब्यवस्था या लोगो की आर्थिक स्थिति में सुधार करना नही थी बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य समाज में जमींदारों का ऐसा वर्ग तैयार करना या जो अपने अधिकारो और हैसियत के लिए अंग्रेजों पर निर्भर रहता है।

**17.(A)** भारतीयों को लड़ाकू और गैर–लड़ाकू रेजीमेंटी का वर्गीकरण क्षेत्रीय आधार पर करने की ब्रिटिश नीति की राष्ट्रीय एकता के विरूद्ध थी। बंगालियो को यह कहकर बदनाम किया कि उनमे पुरूषोचित साहस का अभाव है। टी. पी. मैकिनले ने अपने आलोचनात्मक और ऐतिहासिक निबंधो में वारेन हेरिटंग्स पर एक निबंध में उक्त मत लिखा हैं।

**18.(B)** भारत में जनजातीय समूहों की संख्या बहुत विशाल है। भारत की कुल जनसंख्या 7 प्रतिशत भाग जनजातीय समूह का है। मुख्यतः ये समूह देश को चारों भागों में पाए जाते है। उत्तर –पूर्वी राज्यों अरूणाचल , नागालैण्ड , मणिपुर, मिजोरम और मेघालय मे अधिकांश संख्या गुजरात से बंगाल तक की जनजातियों की है।

**19.(C)** निम्नलिखित का व्यवस्थित क्रम इस प्रकार से हैः–

1. भारतीय औद्योगिक आयोग – 1916–18

2. जिनेवा सम्मेलन – 1922

3. गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एम्ट – 1936

4. राष्ट्रीय कृषि आयोग – 1976

**20.(B)** प्रो. गोविन्द सदाशिव घुरिये के कार्यो पर डा. रिवर्स का प्रभाव दिखाई देता था और उनका झुकाव मानवशास्त्रीय महत्व के विषयो जैसे नातेदारी और प्रसारवाद की ओर था प्रो. घुरिये के शोध कार्य की समाप्ति के पहले ही प्रो. रिवर्स का देहावसान हो गया।

**21.(D)** निम्नलिखित सूचियां इस प्रकार से सुमेलित है

1. सन 1970 लुईस ड्युमां ने अंग्रेजी भाषा मे एक पुस्तक ' होमो हाइअरर किकस (सम अधिक्रमिकता) लिखी।

2. डा. एम. एन. श्रीनिवास – भारतीय गाँव

3. प्रो. श्यामचरण दुबे – मानव और संस्कृति

4. डी. पी. मुखर्जी – समाजशास्त्र की मूल अवधारणाएं

**22.(C)** लुईस ड्यूमां ने अपनी पुस्तक ''होमो हाइअरर किकस (सम – अधिक्रमिकता ) में जाति व्यवस्था का विश्लेषण पवित्रता के आधार पर किया है जो अनुठा है, ड्यूमां ने इस पुस्तक में जाति के इतिहास तथा उदगम संबंधी सिद्धान्तों से लेकर सामाजिक संस्तरण वर्ण – ब्यवस्था अर्न्तजातीय विवाह, जाति पंचायत , अस्पृश्यता , खान, पान सम्बन्धी निषेध जैसे विषयों का भी विस्तार से विश्लेषण किया है।

**23.(D)** लिंगायत गांव की पुजारी जाति है जो उन मंदिरो में पूजा करती है जहां ब्राह्मण नही जाते है। रामपुरा मे कुम्हार , धोबी और नाई आदि सेवक जातियां है जो कृषकों की सेवा करती है।

**24.(D)** अनुच्छेद 17 में अस्पृश्यता के कानून की दृष्टि मे अपराध घोषित किया गया तथा अनुसूचित जातियों तथा जन–जातियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था भी की गई । उक्त विचार डा. अम्बेडकर का है।

**25.(A)** सभ्यता शब्द अंग्रेजी भाषा के 'Civilized' शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के 'Civitas' और 'Civis' से हुई है जिसका अर्थ 'नगर ' या 'नगर निवासी' है जो एक स्थान पर स्थायी रूप से रहते तथा शिक्षित है और जिनका व्यवहार जटिल है।

**26.(C)** संस्कृतिकरण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा कोई निम्न हिन्दू जाति या कोई जनजाति अथवा कोई अन्य समूह किसी उच्च और प्राय नीच जाति की दिशा मे अपने रीति–रिवाज , कर्मकाण्ड , विचारधारा और

जीवन–पद्धति को बदलता है। सामान्यतः ऐसे परिवर्तनो के बाद वह जाति , जातीय संस्करण की प्रणाली में जो स्थान मिला हुआ है उससे ऊंचे स्थान का दावा करने लगती है।

**27.(D)** हमारे देश में योजना आयोग के परिप्रेक्ष्य था योजना प्रभाग द्वारा 1962 मे अनुशंसित और 1961 के मूल्यों पर आधारित न्यूनतम खपत पर व्यय ग्रामीण क्षेत्रों में पांच सदस्यों के बीच परिवार के लिए 100 रूपये और शहरी क्षेत्रो मे ऐसे ही परिवार के लिए 125 रूपये आकां गया। इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों मे प्रतिमाह प्रतिव्यक्ति पर 20 रूपए और शहरी क्षेत्रो मे 25 रूपए आता था। 1979–74 मे यह ग्रामीण क्षेत्रो मे 49.09 रूपए है।

**28.(D)** निर्धनता की महत्वपूर्ण माप कुपोषण निम्न आय असाध्य रोग या खराब स्वास्थ्य, निरक्षरता, बेरोजगारी या अल्प रोजगारी और घर की अस्वास्थ्यकर दशा। मोटे तौर पर किसी समाज मे निर्धनता का उल्लेख उसमें साधनों की कमी, कम राष्ट्रीय आय, प्रति व्यक्ति की कम आय, संसाधनों के बठंवारे में भारी असमानता , कमजोर सुरक्षा आदि से होता है।

**29.(A)** विवाह विच्छेद के प्रति लोगो के बदलते दृष्टिकोण का पता लगाने के लिए अनेक समाजशास्त्रीय अध्ययन किए गए है। सर्वप्रथम इस प्रकार का अध्ययन मुंबई मे के.टी. मर्चेट द्वारा (1930–33) में किया गया।

**30.(B)** सूची 1 , सूची 2 के साथ इस प्रकार से सुमेलित है–

| | |
|---|---|
| a. ब्रिटिश शासन का प्रभाव | 1. पश्चिमीकरण |
| b. पश्चिमीकरण के स्थान पर भारतीयकरण | 2. देवराज चमा |
| c. पश्चिमीकरण अनुपयुक्त पम्प्रत्यय | 3. लर्नर |
| d. पश्चिमीकरण नवीन अभिजात्य वर्ग के लिए निन्दनीय अर्थ | 4. योगेन्द्र सींह |

**31.(A)** एम. एन. श्रीनिवास ने अपनी पुस्तक ''रिलिजन एण्ड सोसायटी अमंग दा कुर्गस ऑफ साउथ इण्डिया'' में उन्हौने संस्कृतिकरण के ब्राह्मण–प्रतिमान को आवश्यकता से अधिक महत्व दिया तथा दूसरे प्रतिमानों – क्षत्रिय , वैश्य और शुद्ध को नजर अन्दाज किया है।

**32.(C)** उपर्युक्त प्रावधान धारा 335 के अन्तर्गत किया गया जिसमें प्रतियोगी सेवाओं मे 15% तथा अन्य में 16.66% स्थान सुरक्षित है। भारतीय प्रशासनिक सेवा में अनुसूचित जातियों के लिए सन् 1957 मे 15 स्थान सुरक्षित थे जिसमें से केवल 5 स्थान भर पाए जबकि सन् 1962 में सभी स्थान भर गए थे।

**33.(C)** सूची 1 , सूची 2 के साथ इस प्रकार से सुमेलित है–

a. अधिनियम 17 अन्तर्गत अस्पृश्यता का अन्त किया गया

b. अधिनियम 25 के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों के उपयोग की सभी को छूट का प्रावधान किया गया।

c. अनुसूचित जातियों के शैक्षिण एवं आर्थिक हितों की रक्षा का प्रावधान अधिनियम 46 के अन्तर्गत किया गया है।

d. सरकारी नौकरियों में प्रतिनिधित्व 15% है।

**34.(B)** सूची.1 सूची 2 के साथ इस प्रकार सुमेलित है

1. पिछड़े वर्गो से संबंधित 'अखिल भारतीय स्तर का प्रथम आयेग' काका कालेलकर की अध्यक्ष्यता में 1953 में स्थापित किया था।

2. केरल सरकार ने पिछड़े वर्ग आयोग की स्थापना की और 1970 मे इसकी रिपोर्ट मिली।

3. 'अखिल भारतीय द्रविण मुनेत्र कडगम की स्थापना 1970 में एम. जी. रामचन्द्र ने की।

4. श्री नारायण धर्म परिपालन आन्दोलन केरल मे हुआ जिसे नारायण गुरूस्वामी ने किया।

**35.(B)** एक विवाह उस विवाह को कहते है जिसमें कोई स्त्री अथवा पुरूष एक जीवन साथी के रहते दूसरे से विवाह नहीं कर सकता। यह विवाह का सर्वप्रचलित रूप है तथा अनेक सभ्य और पिछड़े समाजों में इसे सहज रूप से स्वीकार कर लिया गया है। एक विवाह के अन्तर्गत केवल एक ही विवाह करने की बाध्यता नहीं होती बल्कि स्त्री या पुरूष में से किसी एक की मृत्यु या विलगाव के बाद दूसरा विवाह किया जा सकता है।

**36.(D)** 1. 1854 में वुड्स डिस्पैच ने अंग्रजी भाषाओं के साथ भारतीय भाषाओं को भी यूरोपीय ज्ञान के माध्यम के रूप में स्वीकार किया ।

2. 1862 में हण्टर कमीशन ने मातृभाषा के महत्व को स्वीकार किया।

3. सन् 1917–19 में सैंडलर कमीशन ने हाई स्कूल तक शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषाओं को माानने का सुझाव दिया।

4. सन् 1944 की सार्जेण्ट योजना ने अंग्रेजी का अध्ययन द्वितीय अनिवार्य भाषा के रूप मे करने का अनुरोध किया।

**37.(A)** सूची 1 , सूची 2 के साथ इस प्रकार से सुमेलित है

| | |
|---|---|
| a. ऑगस्ट कॉम्ट | 1. सामाजिक व्यवस्था और प्रगति का विज्ञान |
| b. मैक्स वेबर | 2. सामाजिक क्रियाओं का अध्ययन |
| c. किम्बौल यंग | 3. समूहों में मनुष्यों के व्यवहार का अध्ययन |
| d. दुर्खीम | 4. सामूहिक प्रतिनिधानों का विज्ञान |

**38.(C)** सूची 1 , सूची 2 के साथ इस प्रकार से सुमेलित है–

a. उद्विकासीय सिद्धान्त –हर्बर्ट स्पेंसर – इसमें समाज का विकास सरल स्वरूप से जटिल स्वरूप में हुआ है।

b. चक्रीय सिद्धान्त – सारोकिन – इसके अनुसार समाज अनेक स्तरों से गुजरता है परन्तु यह स्तर निश्चित क्रम में बार–बार दोहराए जाते है।

c. प्रकार्यात्मक सिद्धान्त – पारसन्स – इसके अनुसार समाज इसके निर्णायिक तत्वों में सामंजस्ययुक्त व्यवस्था है।

d. संघर्ष सिद्धान्त – जार्ज सिमेल – इसमें समाज में वर्गों के मध्य आर्थिक हितों (ज्यादा धन व साधन प्राप्ति ) का निरन्तर संघर्ष चलना है जिससे सामाजिक परिवर्तन घटित होते है।

**39.(C)** केन्द्रीय स्तर पर दहेज निषेध विधेयक अप्रैल 27, 1959 को तत्कालीन विधि मंत्री श्री ए. के सेन द्वारा पारित कर दिया गया किन्तु राज्य सभी द्वारा दो बार इसे अस्वीकार कर दिया गया । तब दोनो सदनो की संयुक्त कमेटी को सौंपा गया और इसके सुझावों के आधार पर आखिर 20 मई 1961 को यह अधिनियम पारित हो गया ।

**40.(C)** 1931 की जनगणना के अनुसार भारत में 72% विवाह 15 वर्ष की आयु के पहले और 24% दस वर्ष की आयु के पहले हुए। शिशु मृत्युदर का सीधा संबंध विवाह के समय स्त्रियों की आयु से है। यदि हम विवाह के समय स्त्रियों को आयु के हिसाब तीन समूहों में विभाजित करें अर्थात् 18 से कम

18–20 और 21 और उसे ऊपर तो हम पायेंगे कि ग्रामीण क्षेत्रों में (19/18)इन तीन समूहों में प्रत्येक में शिशु मृत्युदर क्रमशः 141, 112 और 85 थी और शहरी क्षेत्रों में यह क्रमशः 78, 66 और 46 थी।

**41.(B)** सन् 1953 में एक परिवार नियोजन शोध और परियोजना समिति का गठन किया गया। 1956 में केन्द्रीय परिवार नियोजन बोर्ड–स्थापित किया गया जिसने बंध्याकरण पर बल दिया।

**42.(A)** सरकार ने सन् 1951 में परिवार नियोजन चिकित्सालयों की स्थापना की और पहली पंचवर्षीय योजना काल में 147 चिकित्सालय स्थापित किए गये। दूसरी पंच वर्षीय योजना में 1949 विद्यालय जोड़े गये।

**43.(C)** खन्ना और वर्गीस के सर्वेक्षण ने यह बतलाया कि परिवार नियोजन का समर्थन शिक्षा से संबंधित है। जितना स्तर नीचे होता है उतनी ही स्त्रियां परिवार नियोजन के तरीको से अनभिज्ञ होती है। उनके सर्वेक्षण में ऊंचे सामाजिक आर्थिक स्तर के गर्भनिरोधकों के प्रयोग करने वालो का प्रतिशत 75 से मध्यम स्तर पर घट कर 56 प्रतिशत हो गया और निम्न और मध्यम स्तर की स्त्रियों को आर्थिक रूप से सम्पन्न स्त्रियों की अपेक्षा अधिक प्रभावी ढंग से परिवार नियोजन कार्यक्रम मे सम्मिलित किया जाना चाहिए।

**44.(D)** आवास की दृर्व्यवस्था होने एवं गंदी बस्तियों में रहने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ने से कई प्रकार की बीमारियाँ फैलती है और शरीर कमजोर हो जाता है। अमर नारायण अग्रवाल ने अपनी पुस्तक इण्डस्ट्रियल हाउसिंग इन इण्डिया मे लिखा है – मुम्बई के आस–पास बनी हुई चालें, अहमदाबाद की भूमि के नीचे बने हुए मकानों की कतारें कानपुर, लखनऊ और हावड़ा खानो के गंदे खापरे तथा मद्रास के औद्योगिक कस्बो के गंदे छप्पर सभी तपेदिक और दूसरे श्वास रोगों के घट बन गये हैं।

**45.(A)** सदरलैण्ड ने 1939 में 'विभिन्न संपर्क' का सिद्धान्त प्रस्तुत किया। उनका कहना है कि अपराधिक व्यवहार की मुख्यतया दो व्याख्याएं प्रस्तुत की गई है। परिस्थिति–संबंधी और आनुवंशिक या ऐतिहासिक । पहली अपराध की व्याख्या परिस्थिति के आधार पर की जाती है, और दूसरी व्याख्या अपराध के जीवन के अनुभवों पर आधारित है।

**46.(D)** सदरलैण्ड के सिद्धान्त समर्थन जेम्स शार्ट जूनियर ने अपने 176 स्कूल के बच्चों के 1955 में किए गए अध्ययन के आधार पर किया। शार्ट ने समाज मे अपराध के अनुमानित प्रभाव , आवृत्ति , कालावधि ,

प्राथमिकता , अपराधी मित्रो के साथ अंतः क्रिया की तीव्रता और वयस्क अपराधियों की जानकारी और उनके साथ संपर्क को मापा

**47.(C)** क्लोवार्ड और ओहलिन ने अपराध की तीन प्रकार की उपसंस्कृतियो की पहचान की है– अपराधिक , संघर्षग्रस्त और पलायनवादी । पहली (उपसंस्कृति) उप व्यवस्थित क्रिया । गतिविधि पर बल देती है जो आर्थिक लाभ की ओर अभिमुख होती है; दूसरी हिंसा और बंदूक से लड़ने पर बल देती है; और तीसरी नशीले पदार्थ के उपयोग और अन्य नशीली वस्तुओं पर बल देती है।

**48.(B)** ''अभिमुखीकरण या विचलित उपसंस्कृति का सिद्धान्त' के प्रतिपादक एलबर्ट कोहेन है। यह सिद्धान्त प्रमुख रूप से श्रमिक वर्ण के लड़कों की स्थिति के समायोजन की समस्याओं के बारे में है। उनका विकास है कि युवा व्यक्तियों की स्वयं के बारे में भावनाएं मुख्य रूप से इस पर निर्भर करती है कि उनके बारे मे दूसरो के क्या विचार है।

**49.(C)** हार्बर्ड बेकर और काइएरिकसन ने सामाजिक मनोवैज्ञानिक – 'लेबलिंग' सिद्धान्त मे बताया कि एक व्यक्ति व्यसनी व शराबी के लेबल लगने के दबाव के कारण मादक द्रव्य सेवनकर्त्ता व शराबी बन जाता है।

**50.(C)** विवाह एक सामाजिक संस्था है। यह समाज द्वारा स्वीकृत नियमों के अनुसार एक स्त्री–पुरूष की यौन आवश्यकताओं की पूर्ति करने तथा सन्तानोत्पत्ति का माध्यम है। विवाह से ही परिवार के विकास होता है। विवाह का आधुनिक तात्पर्य मानसिक, शारीरिक और सामाजिक–सांस्कृतिक आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक ऐसे साथी से है जिससे जीवन सुन्दर, सुखमय और विकासशील बना रहे।

**51.(C)** श्री के. सन्थानम की अध्यक्षता मे एक भ्रष्टाचार निरोधक समिति का गठन 1960 मे किया गया। विभाग के कामकाज को कुशल बनाने के लिए सन्थानम समिति ने यह उपाय सुझाये –

1. सतर्कता अधिकारियों की भ्रष्टाचार प्रथाओं की जांच करने की
2. सतर्कता अधिकारियों को कुशल कार्य के लिए प्रोन्नति का आश्वासन देना । इत्यादि

**52.(B)** राजनीतिज्ञो और सार्वजनिक कम्पनियो विरूद्ध लगे भ्रष्टाचार के आरोपो की जांच के लिए स्थापित आयोगों का सही अनुक्रम इस प्रकार से है:–

1. आयंगर आयोग – 1965
2. खन्ना आयोग – 1967

3. कपूर आयोग – 1968

4. मधोकर आयोग – 1976

**53.(D)** गत 52 वर्षों मे राजनीतिज्ञो और सार्वजनिक कम्पनियों के विरूद्ध लगे भ्रष्टाचार के आरोपो की जांच के लिए भारत सरकार द्वारा दो दर्जन से भी अधिक आयोग (1955 और मार्च 2000 के बीच) नियुक्त किए जा चुके है। इनमे से नौ आयोग तो 1963 से 1983 तक ही विविध राज्यो के मुख्य मंत्रियों के विरूद्ध नियुक्त किए गए थे जिनमे से बिहार के पांच मंत्रियो के विरूद्ध अय्यर आयोग (1967) मे नियुक्त किया गया ।

**54.(A)** सूची 1 , सूची 2 के साथ इस प्रकार से सुमेलित है

1. भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम 1. सितम्बर 1988 में लागू हुआ।

2. भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम मे 1952 का अपराधी कानून अधिनियम के प्रावधान भी समाविष्ट है।

3. 1947 के अधिनियम ने अपराधियो के विरूद्ध अपराध की कुछ मान्यताएं बनाना न्यायालय के लिए आवश्यक हो गया ।

4. 1988 अधिनियम मे 'लोकसेवक' शब्द का क्षेत्र व्यापक कर दिया और इसमें बड़ी संख्या में कर्मचारियों को शामिल किया गया ।

**55(B)** डॉ. योगेन्द्र सिंह ने बताया है कि परम्परा समाज की एक विरासत है जो वास्तविक सामाजिक संगठन के सभी स्तरो मे व्याप्त होती है समाजशास्त्रीय आधार पर परम्परा का अर्थ है कि परम्परा सामाजिक स्थिति की एक प्रक्रिया है जिसके माध्यम से सांस्कृतिक विरासत एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी मे हस्तांतरित होती है।

**56.(C)** नवम्बर 1961 में 'इण्डियन कमेटी फोर कल्चरल फ्रीडम'' तत्वाधान में परम्परा एवं आधुनिकता विषय पर गोष्ठी हुई है। इस गोष्ठी में परम्परा और आधुनिकता का कोई निश्चित अर्थ नहीं बताया गया यद्यपि इसके क्षेत्र के बारे में कुछ महत्वपूर्ण निष्कर्ष अवश्य दिए गए है।

**57.(A)** पर्सनालिटी एण्ड सोश्यल साइंलेज'' नामक पुस्तक के लेखक डी.पी. मुखर्जी है इसमे इन्होंने परम्परा की व्याख्या की है। उन्होने परम्परा की व्याख्या आधुनिकता के संदर्भ मे की है।

**58.(B)** एम.एन. श्री निवास भारतीय समाजशास्त्र में एक मूर्धन्य हस्ताक्षर है ये पहले व्यक्ति थे जिन्होने भारतीय समाज और सभ्यता की एक छोटी दुनिया के रूप में समझने का प्रयास किया।

**59.(A)** एम.एन. श्री निवास ने अपने लेखन काल में गांव, जाति और धर्म को अपनी अध्ययन सामग्री बनाया । उन्होने अपनी पुस्तक 'दि रिमेम्बर्ड विलेज' मे कर्नाटक के रामपुरा गांव का अध्ययन किया जो समाजशास्त्र मे एक क्लासिकल अध्ययन समझा जाता है।

**60.(B)** डेविड हार्डीमेन ने गुजरात के किसानों और सूदखोरों के संरक्षण की चर्चा अपनी पुस्तक फिडिंग दि बनिया मे की है। उनका यह विश्लेषण गुजरात के बनियों और आदिवासी किसानों का है।

**61.(C)** गोपाल गुरू में रोमिला थापर की पुस्तक मे सम्पादित निबंध का विश्लेषण किया तथा वे कहते है कि अब दलित उच्च जातियों द्वारा उन्हे दिए गए माई–वाप के आश्रय स्वीकार नही है। सदियों तक उन्होंने इन वर्गो द्वारा फेंकी हुई जूठी रोटी को खाया है, इन वर्गों के उतरे हुए कपड़े पहिने है इन वर्गों द्वारा दिए गए अपमान में घूंटो को अपने गले उतारा है अब इस आधुनिकता युग मे वे यह सब नही करेंगे। पश्चिमी सभ्यता और भारत की आधुनिकता ने उन्हे जिस मुक्ति का संदेश दिया है जिसमें वे अपनी कुशलता प्रतिष्टा और योग्यता के आधार पर समान अवसर के हकदार मानते है।

**62.(C)** धर्म – निरपेक्षता शब्द सबसे पहले 1951 में जार्ज होलीओक (1817 – 1906) ने गढ़ा । अंग्रेजी मे' 'सेक्यूलर ' शब्द लैटिन के 'सेकुलम' शब्द से बना है, जिसका शाब्दिक अर्थ है – 'यह वर्तमान युग। यह विश्व के लिए प्रयुक्त शब्दो मे से भी एक है। और काफी लम्बे समय तक सेक्यूलर शब्द का अर्थ 'सांसारिकता माना जाता है'' जो 'धर्म' या 'पवित्रता' के प्रतिकूल था ।

**63.(D)** जनसंख्या का बहुसंख्यक भाग हिन्दुओं का है। यह स्वीकार करना होगा कि काफी हद तक हिंदू धर्म के सांस्कृतिक प्रतीकों को 'भारतीय' प्रतीक मान लिया जाता है लेकिन धर्म निरपेक्ष राज्य द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतीकों और सांस्कृतिक चिन्हों की बिल्कुल उपेक्षा किया जाना उचित नही है, क्योंकि ऐसे राज्य से सभी धर्मो से बराबर दूरी रखने की अपेक्षा की जाती है।

**64.(D)** दक्षिण पश्चिमी अफ्रीका का नामीबिया देश एक दूसरा प्रमुख क्षेत्र है। जहां उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष चल रहा है जर्मनी ने 1880–1915 के दौरान इस क्षेत्र को उसकी लगभग तीन चौथाई आबादी को समाप्त करने के बाद उपनिवेशवाद बनाया।

**65.(A)** आदर्शता का सिद्वान्त निर्माण से सम्बन्ध योगेन्द्र सिंह ने भारतीय समाजशास्त्र को 1952 से 1977 में बांधकर विवेचना की । ये काल अपने सही अनुक्रम मे इस प्रकार से है–

1. दर्शनशास्त्रीय प्रभुत्व – 1952 – 1960

2. संस्कृतिवाद – 1960 – 1965

3. संरचनावाद – 1965 – 1970

4. द्वंदात्मक ऐतिहासिकता – 1970 – 1977

**66.(D)** भारतीय समाज के निर्माण के लिए उपर्युक्त सभी स्तरो पर विश्लेषणात्मक पहल की जा सकती है। भारतीय समाज का सर्वांगीय एवं ईकाईबद्ध विश्लेषण करने की क्षमता रखते है। अलग–अलग आधारो को लेकर विश्लेषण के स्तर पर भारतीय समाज के विभिन्न पक्षो का विश्लेषण किया जा सकता है।

**67.(A)** भारत सरकार ने प्रौद्योगिकीय नीति की घोषणा के बाद जून 1983 मे प्रौद्योगिकी नीति क्रियान्वयन समिति (T.P.I.C) की स्थापना की। 1987 मे इस समिति का कार्यकाल सम्पन्न हुआ।

**68.(D)** मरडॉक ने 250 समाजों के अध्ययन के आधार पर विवाह के तीन उद्देश्यों का उल्लेख किया है। विवाह का मूलभूत उद्देश्य यौन सन्तुष्टि, घर और बच्चों की इच्छा, मित्रता, सामाजिक स्थिति और सम्मान तथा आर्थिक सुरक्षा और संरक्षण है। विवाह के कारण परिवार बनता है तथा व्यक्ति को अपने आदर्शो और मूल्यों को व्यवहारिक बनाने में सहयोग मिलता है। बच्चों को जन्म देना तथा उनका पालन–पोषण करना भी विवाह का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

**69.(D)** सेण्डरसन के अनुसार – ग्रामीण समाज – शास्त्र ग्रामीण पर्यावरण मे पाए जाने वाले जीवन का समाजशास्त्र है।'' अर्थात् सामाजिक संबंधो का कोई भी वह वैज्ञानिक अध्ययन जो ग्रामीण पर्यावरण से प्रभावित है, ग्रामीण समाजशास्त्र कहा जा सकता है।

**70.(B)** सन 1919 मे डॉ. लूकस की पुस्तक 'इकॉनॉमिक लाइफ ऑफ ए पंजाब विलेज' प्रकाशित हुई लेकिन अन्य अध्ययनों के समान इसमे भी ग्रामीण जीवन के सामाजिक पक्ष की तुलना मे आर्थिक पक्ष को ही अधिक महत्व दिया गया था।

**71.(D)** मध्यम वर्ग अभी भी राजनैतिक रूप से सक्रिय है और न केवल सत्ताधारी पार्टी मे नेतृत्व प्रदान करते है अपितु दक्षिणपंथी पार्टियों मे और वाम पक्षवादी विचार धारा के विभिन्न स्तरो में भी नेतृत्व प्रदान करता है।

**72.(C)** विकासशील देशो मे मध्यम वर्ग द्वारा वैधानिक प्रक्रिया द्वारा शैक्षणिक लक्ष्य प्राप्त नही किया जा सकता है।

**73.(A)** ऐतिहासिक दृष्टि से सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया का सूत्रपात करने मे मध्यम वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

**74.(B)** मध्यम के के लोगो को, निर्धन वर्ग के लोगो के हितो के लिए अधूरा कार्य पूरा करने के लिए साधु – आत्म – त्यागी श्रमिक लोगों को प्रेरित एवं संगठित करना होगा।

**75.(C)** सूची–1, सूची–2 के साथ इस प्रकार से सुमेलित है–

1. सी. एच. कूले – मानव प्रकृति और सामाजिक व्यवस्था
2. जी. एच. मीड – मन , स्व और समाज
3. एच. ब्लूमट – प्रतीकात्मक अन्तः क्रियावाद
4. ई. गाफमैन – अभिनय शास्त्र

VPM CLASSES